# वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार–246123, पौड़ी गढ़वाल

विज्ञप्ति परिपत्र संख्याः यू0यू0एच0एफ0/प्रतिनियुक्ति–2024/01 दिनांकः 14.11.2024

वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार में अन्तरिम व्यवस्था के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति अथवा पे – माइनस पेन्शन द्वारा भरा जाना है। प्रतिनियुक्ति अथवा सेवानिवृत्त कार्मिकों की नियुक्ति प्रारम्भिक चरण में एक वर्ष या पदों के सीधी भर्ती होने तक जो भी पहले हो, की अवधि के लिए होगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि सन्तोषजनक कार्य होने पर तथा सम्बन्धित कार्मिक के मूल विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर एक–एक वर्ष कर अधिकतम 03 वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों की अधिकतम 65 वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी। पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.uuhf.ac.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम लिखा होना आवश्यक है। पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्र डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से **कुलसचिव कार्यालय, वी0च0सिं0ग0 उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल** 246123 पर प्रेषित अथवा जमा किया जा सकता है। **आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि** 30.11.2024.... **है।**

| क्र0 सं0 | पदनाम एवं वेतनमान प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत कार्मिक पे–माइनस पेंशन | पदों की संख्या | नियुक्ति स्थान | अर्हतायें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप निदेशक निर्माण एवं सयंत्र (15600–39100 ग्रेड वेतन–6600) | 01 | मुख्य परिसर भरसार (विश्वविद्यालय मुख्यालय) | **अनिवार्यः** (1) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में सिविल इंजीनियरिंग की उपाधि।<br>(2) विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में भवनों के निर्माण एवं रख–रखाव कार्य में न्यूनतम 10 वर्ष का कार्यानुभव।<br>(3) मैटीरियल मैनेजमेन्ट एवं इनवैन्टरी कन्ट्रोल का अनुभव<br>**अथवा**<br>सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ विज्ञापन की शर्तों के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में भवन निर्माण एवं रख–रखाव का न्यूनतम 12 वर्षो का कार्यनुभव।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तों के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 2. | उप वित्त नियंत्रक (15600–39100 ग्रेड वेतन–6600) | 01 | मुख्य परिसर भरसार (विश्वविद्यालय मुख्यालय) | (1) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय में वाणिज्य स्नातक की उपाधि तथा लेखाधिकारी/ उप कुलसचिव वित्त के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।<br>(2) विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में कुल 15 वर्ष का लेखा एवं प्रशासनिक कार्यों का अनुभव।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 3. | चिकित्साधिकारी (15600–39100 ग्रेड वेतन–5400) | 02 (01 महिला एवं 01 पुरूष) | औद्यानिकी महाविद्यालय, भरसार | **अनिवार्यः** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से एम0बी0बी0एस0 की उपाधि।<br>**अधिमानीः** एम0बी0बी0एस0 की उपाधि के साथ एम0एस0/ एम0डी0 उपाधिधारक को वरीयता अथवा विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 4. | चिकित्साधिकारी (15600–39100 ग्रेड वेतन–5400) | 02 (01 महिला एवं 01 पुरूष) | वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | लेखाधिकारी (15600–39100 ग्रेड वेतन–5400) | 02 | औद्यानिकी महाविद्यालय, भरसार/वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी | **अनिवार्यः** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक के साथ लेखाकार के पद पर 10 वर्ष का अनुभव एवं विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में कुल 15 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>**अधिमानीः** वाणिज्य विषय के साथ स्नातकोत्तर एवं कम्प्यूटर का ज्ञान।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 6. | सहायक निदेशक फार्म (15600–39100 ग्रेड वेतन–5400) | 01 | मुख्य परिसर भरसार (विश्वविद्यालय मुख्यालय) | **अनिवार्यः** (1) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कृषि/औद्यानिकी में बी0एस0सी0 की उपाधि।<br>(2) विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में प्रक्षेत्र अधीक्षक, कृषि/औद्यानिकी के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 7. | प्रशासनिक अधिकारी (9300–34800 ग्रेड वेतन 4600) | 03 | 1. पर्वतीय कृषि महाविद्यालय, चिरबटिया<br>2. औषधीय एवं सगंध पादप संस्थान, गैरसैंण<br>3. आई.एफ.एस.टी., माजरीग्रान्ट | विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में प्रशासनिक अधिकारी वेतनमान रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4200 के पद पर कम से कम 02 वर्ष की सेवा का अनुभव हो अथवा अधीनस्थ पदों पर 20 वर्षो का अनुभव/सेवा पूर्ण की हो। |
| 8. | अवर अभियंता (निर्माण) (9300–34800 ग्रेड वेतन 4200) | 02 | 1. औद्यानिकी, महाविद्यालय, भरसार<br>2. वानिकी, महाविद्यालय, रानीचौरी | **अनिवार्यः** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटेक्निक से सिविल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा। विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में अधीनस्थ पद पर न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 9. | अवर अभियंता (विद्युत) (9300–34800 ग्रेड वेतन 4200) | 01 | वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी | **अनिवार्यः** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटेक्निक से विद्युत इंजिनियरिंग में डिप्लोमा। विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या 1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में अधीनस्थ पद पर न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 10. | व्यैक्तिक सहायक (9300–34800 ग्रेड वेतन–4200) | 02 | 1. औद्यानिकी, महाविद्यालय, भरसार<br>2. वानिकी, महाविद्यालय, रानीचौरी | **अनिवार्यः** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि के साथ हिन्दी में 80 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपिक गति अथवा अंग्रेजी 100 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपिक गति और हिन्दी टंकण में कम्प्यूटर पर 4000 अंग्रेजी मे 5000 की डिप्रेशन प्रति घण्टा न्यूनतम गति अनिवार्य।<br>**अधिमानीः** विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में निजी सहायक के पद पर 02 वर्ष के कार्यानुभव को वरीयता।<br>**अथवा** |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तों के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 11. | **लेखाकार (9300–34800 ग्रेड वेतन–4200)** | 01 | 1. औद्यानिकी, महाविद्यालय, भरसार<br>2. वानिकी, महाविद्यालय, रानीचौरी<br>3. औषधीय एवं संगध पादप संस्थान, गैरसैण<br>4. पर्वतीय कृषि महाविद्यालय, चिरबटिया (जखोली) | **अनिवार्यः (1)** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से बी0कॉम0 अथवा पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा–इन एकाउन्टेंसी की अर्हता के साथ कम्प्यूटर संचालन में ओ0 लेविल सर्टिफिकेट जिसमें कम्प्यूटर पर टंकण की गति 4000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा अनिवार्य।<br>**(2)** भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा मान्य संस्थान से कम्प्यूटर का एक वर्ष का डिप्लोमा।<br>**अधिमानीः** विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में सहायक लेखाकार के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |
| 12. | **सहायक कुलसचिव (9300–34800 ग्रेड वेतन–4200)** | 01 | वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी | **अनिवार्यः** (1) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। हिन्दी तथा अग्रंजी भाषा का समुचित ज्ञान।<br>(2) विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में हिन्दी तथा अंग्रेजी में पत्र लेखन तथा लेखा नियमों के अनुरूप कार्य करने का कम से कम 07 वर्ष का कार्यानुभव।<br>(3) कम्प्यूटर का समुचित ज्ञान। |
| 13. | **कम्प्यूटर/कम्प्यूटर पर्सनल 9300–34800 ग्रेड वेतन–4200)** | 01 | मुख्य परिसर भरसार (विश्वविद्यालय मुख्यालय) | विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान मे बी0ई0 बी0टेक0, एम0सी0ए0 कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स की स्नातक उपाधि<br>**अधिमानीः** कम्प्यूटर प्रेग्रामिंग के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में कार्य का न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव। |
| 14 | **सहायक लेखाकार (5200–20200 ग्रेड वेतन–2800)** | 01 | खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, माजरीग्रान्ट | अनिवार्यः **(1)** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से बी0कॉम0 की उपाधि।<br>**(2)** भारत सरकार/राज्य सरकार के मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा अथवा ओ श्रेणी का प्रमाण पत्र।<br>**(3)** विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–1 में वर्णित संस्थानों/विभागों में सम्बन्धित क्षेत्र में 02 वर्ष का कार्यानुभव।<br>**अथवा**<br>उक्त पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ विज्ञापन की शर्तो के बिन्दु संख्या–2 में वर्णित संस्थानों/विभागों से सेवानिवृत कार्मिक (पे–माइनस पेंशन पर) |

## नियम एवं शर्तेः

1. सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थान/विश्वविद्यालय एवं संस्थान (यू.जी.सी./आई.सी.ए.आर./ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा मान्य)/केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग यथा राजकीय महाविद्यालय/राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय/माध्यमिक शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा एवं विभाग/उपक्रम एवं सार्वजनिक उपक्रम में नियमित रूप से कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी अथवा आवेदित पदनाम एवं ग्रेड़ वेतन योग्यता के साथ उपरोक्त पदों हेतु अर्ह होंगे।
2. सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थान/विश्वविद्यालय एवं संस्थान (यू.जी.सी./आई.सी.ए.आर./ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा मान्य)/ केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग यथा राजकीय महाविद्यालय/राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय/माध्यमिक शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा एवं विभाग/उपक्रम एवं सार्वजनिक उपक्रम से सेवानिवृत्त कार्मिक (पे – माइनस पेंशन पर) उपरोक्त पदों हेतु अर्ह होंगे।
3. प्रत्येक पद के सम्मुख अंकित अर्हतायें पूर्ण करने वाला व्यक्ति ही उस पद हेतु अर्ह माना जायेगा।
4. प्रतिनियुक्ति पर आये कार्मिक को यह विकल्प रहेगा कि वह अपना संवर्गीय मूल वेतनमान में मूल वेतन लें अथवा नियुक्ति के पद का वेतनमान। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार के प्रतिनियुक्ति सम्बन्धी नियम लागू होगें। सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए पे–माइनस पेन्शन के नियम लागू होंगे।
5. प्राप्त आवेदन पत्रों की समिति द्वारा स्क्रीनिंग की जायेगी। शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित भी किया जा सकता है। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

Scanned with OKEN Scanner

6. आवेदन पत्र मूल विभाग के माध्यम से अग्रसारित होना आवश्यक है। सेवानिवृत्त कार्मिक अपना पी.पी.ओ. एवं विभाग द्वारा प्रदत्त सेवानिवृत्त तथा संतोषजनक सेवा पूर्ण एवं किसी भी प्रकार की कोई जाँच या प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन या विवादित न होने का स्व–घोषित प्रमाण भी रू0 10.00 के गैर–न्यायिक पत्र (Non-Judicial Stamp Paper) में संलग्न करना होगा।
7. प्रतिनियुक्ति पर चयनित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के किसी भी परिसर/संस्थान में तैनात किया जा सकता है।
8. प्रतिनियुक्ति/पे–माइनस पेन्शन हेतु चयनित अधिकारियों/कार्मिकों को विश्वविद्यालय में सेवा योगदान शीघ्र अति शीघ्र देना होगा।
9. उपरोक्त पदों को प्रतिनियुक्ति/पे–माइनस पेन्शन पर भरने अथवा न भरने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा। प्रतिनियुक्ति/पे– माइनस पेन्शन की अवधि बढ़ाये जाने अथवा न बढ़ाये जाने का अधिकार भी विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।
10. विज्ञापित पदों की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
11. पे–माइनस पेन्शन पर चयनित व्यक्ति को शासनादेश संख्या 41/XXVII(7)50(4)/2017 दिनांक 12 सितम्बर, 2017 के अनुपालन में वित्तीय/प्रशासनिक अधिकार प्राप्त नहीं होंगे।

ह.

14.11.24

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| विज्ञापन संख्या तथा दिनांक | पंजीकरण संख्या (केवल कार्यालय उपयोग हेतु) | आवेदन पत्र का प्राप्ति दिनांक |
|---|---|---|
| | | |

आवेदक का स्वयं द्वारा सत्यापित नवीनतम फोटो

1. आवेदित पद का नामः ..........................................................................................
2. आवेदक का पूरा नामः ..........................................................................................
3. जन्म तिथिः ..........................................................................................
4. आयु (आवेदन की अन्तिम तिथि को)..........................वर्ष ......................माह ......................दिन
5. पिता/पति का नामः ..........................................................................................
6. पत्र व्यवहार का पता, दूरभाष तथा ई–मेल (यदि हो): ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................
7. स्थाई पताः ..........................................................................................

   ..........................................................................................
8. राष्ट्रीयताः ..........................................................................................
9. लिंगः ..........................................................................................
10. श्रेणीः ..........................................................................................
11. शैक्षणिक योग्ताएंः

| क्र0स0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | अंक प्रतिशत | प्रमुख विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |

12. सेवा विवरण (वर्तमान पद से प्रारम्भ करते हुए)

| क्र0 स0 | पद का नाम | वेतन बैण्ड तथा वर्तमान मूल वेतन | ग्रेड वेतन | सेवा अवधि | | विभाग/संस्था का नाम | संक्षिप्त कार्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

13. अंतिम आहरित वेतन (रू0/माह): वेतन बैण्ड ................................................ मूल वेतन ............ ................ ग्रेड वेतन ....................................... मंहगाई भत्ता ........................................ अन्य भत्ते .................................. कुल आहरित वेतन ........................................

14. **घोषणाः**

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त सूचनाऐं/विवरण मेरे संज्ञान में पूर्ण एवं सत्य है। यदि मेरे द्वारा उल्लिखित कोई भी तथ्य/विवरण असत्य पाया जाता है या छुपाया जाता है, तो मेरे विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांकः ............................

आवेदक के हस्ताक्षर

स्थानः ..............................

**अनापत्ति प्रमाण–पत्र**

1. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरूद्ध कोई भी विभागीय जॉच/अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित/विचाराधीन नहीं है।
2. चयनित होने पर आवेदक को अवमुक्त करने में विभाग को काई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांकः .......................................

स्थानः .........................................

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं सील

नामः ...............................................

पदः ................................................

दूरभाषः .........................................

Scanned with OKEN Scanner